महाकाल औघड़ दानी | By Shri Yogeshwari

उज्जैन के औघड़दानी
महाकाल हैं औघड़दानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

उज्जैन के महाकाल की देखो महिमा बड़ी निराली
हर एक भक्तों की भोला भर दे झोली खाली
भस्म आरती लागे सुहानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

भोले बाबा बन गए दूल्हा दुल्हन गौरा माता
एक डोरी में बंध गए दोनों जनमो जनम का नाता
है पंडित ब्रह्मा ज्ञानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

सर्पो का है मुकुट निराला सर्पों की है माला
माथे पे तेरे पुण्ड शोभे पी गए विष का प्याला
चढ़े हल्दी चन्दन पानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

दोनों तरफ बैठे हैं बाराती सखियाँ मंगल गाये
एक दूजे को फूल से मारे फेरे साथ लगाए
शिव मिलन की सती दीवानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

मैना रानी पूजने आई शिव गौरा के चरना को
योगेश्वरी कहे पुण्य मिला है सती तेरे जीवन को
है राजा हिमाचल दानी
रहे संग में उमा भवानी महारानी
रहे संग में उमा भवानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%94%e0%a4%98%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-shri-yogeshwari/